हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 3 जनवरी 2026

04 नववर्ष पर एसपी ने शहर में पैदल गश्त कर देखी ...



07 'चंपावती पथ' का आकर्षक लोकार्पण दोनों ओर...





## खबर संक्षेप

### परीक्षा तैयारी के संबंध में बैठक 5 को होगी

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर की अध्यक्षता में 05 जनवरी को दोपहर 2.00 बजे रवीन्द्र भवन, सागर में परीक्षा की तैयारियों हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि बैठक में वर्तमान सत्र में परीक्षा परिणाम वृद्धि के प्रयासों, वर्ष 2025 के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विषयवार एवं शिक्षकवार परीक्षा फल, परीक्षा पे चर्चा पंजीयन, निःशुल्क साइकिल वितरण, एजुकेशन पोर्टल 3.0 से संबंधित प्रविष्टियां, स्थानीय परीक्षाओं की तैयारी, सीडब्ल्यूएसएन विद्यार्थियों की जानकारी, पीएमश्री विद्यालयों में व्यय, आत्मरक्षा प्रशिक्षण तथा जिले की वार्षिक कार्ययोजना 2026-27 की तैयारी सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की जाएगी।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए प्रक्रिया शुरू

**सागर।** सागर जिले में परियोजना सागर ग्रामीण 02 महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है परियोजना सागर ग्रामीण 02 में कुल 12 पदों पर नियुक्तियां की जाएगी। जिनमें 04 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और 08 आंगनबाड़ी सहायिका शामिल हैं यह भर्ती प्रक्रिया एमपी ऑनलाइन द्वारा निर्मित चयन पोर्टल के माध्यम से पूरी की जाएगी इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी 31 दिसम्बर से ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 10 जनवरी निर्धारित की गई है । जबकि आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार 12 जनवरी तक किया जा सकता है परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास सागर ग्रामीण 02 स्वाति जैन ने बताया कि नियुक्ति से संबंधित सभी नियम, निर्देश, शर्तें, आवेदन का प्रारूप शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य आवश्यक अहर्ताओं की जानकारी चयन पोर्टल पर उपलब्ध है।

### महापौर ने निगम आयुक्त को पत्र लिखा

**सागर।** महापौर संगीता सुशील तिवारी ने निगमायुक्त को शहर में होने वाली पेयजल की गुणवत्ता की जांच कराने हेतु पत्र लिखा है। महापौर ने पत्र में लेख किया है कि समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है कि इंदौर में पाईप लाईनों में लीकेज के कारण दूषित पानी होने से जनहानि हुई है। इस दृष्टि से सागर शहर में पेयजल सप्लायी के समय अगर लीकेज होने की जानकारी प्राप्त होती है तो संबंधित वार्ड में पेयजल सप्लायी करने के पूर्व पानी की जांच करायी जाय तथा लीकेजों की तत्काल मरम्मत करायी जाये। इसके साथ ही टाटा, सीवर प्रोजेक्ट एवं नगर निगम के अधिकारियों को संयुक्त रूप से इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिये जाये कि वार्डो में भ्रमण कर संबंधित वार्ड के पार्षद एवं वार्डवासियों से चर्चा कर ऐसे स्थानों को चिन्हित करें जहाँ पाईप लाईनों में लीकेज के कारण पानी का अपव्यय हो रहा है, जिससे नालियों का पानी पाईप लाईनों में जाने की संभावना हो, ऐसे सभी स्थानों पर पेयजल सप्लाई करने के पूर्व पानी की गुणवत्ता की जांच करायी जावे ताकि कोई अप्रिय घटना न घट सकें।

### कारीगरों को सहायता देने पीएम विश्वकर्मा योजना

**सागर।** पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता देने के लिये पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है। योजना में टूल किट खरीदने के लिये 15 हजार रूपये का अनुदान मिलेगा। साथ ही पहली बार में एक लाख और दूसरी बार में 2 लाख रूपये का सस्ता ऋण मिलेगा। प्रारंभिक प्रशिक्षण 5 से 7 दिन का और 15 दिन का एडवांस प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान 500 रूपये प्रतिदिन भत्ता भी मिलेगा। प्रशिक्षण के बाद सर्टिफिकेट भी मिलेगा। प्रशिक्षण के लिये हितग्राहियों के चयन की प्रक्रिया जारी है।

---

देश में पहली बार सागर में सड़क सुरक्षा के तहत विशेष ग्राम सभाएं आयोजित कर कलेक्टर जी आर ने कहा

# आपकी एक गलती परिवार से कर सकती है दूर! यातायात के नियमों का पालन कर वाहन चलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सड़क दुर्घटना में मृत हुए व्यक्ति का पूरा परिवार खत्म होने के बराबर होता है एवं आपकी एक गलती परिवार से दूर कर सकती है, यातायात के नियमों का पालन कर वाहन चलाएं। उक्त विचार कलेक्टर संदीप जी आर ने नवाचार करते हुए देश में पहली बार सागर में सड़क सुरक्षा के विषय पर आयोजित विशेष ग्राम सभाओं के शुभारंभ अवसर पर बमोरी बीका ग्राम में व्यक्त किए। इस अवसर पर संतोषी राजेश सिंह, कविता सिंह, महेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, राजू सिंह, नितेश सिंह, जिला पंचायत सीईओ विवेक के वी, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, एनएचएआई प्रोजेक्ट डायरेक्टर सिद्धांत सिंघई, एसडीएम अमन मिश्रा, सविता मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

कलेक्टर संदीप जी आर ने विशेष ग्राम सभा में बोलते हुए कहा कि यह विशेष ग्राम सभा आपके जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि जब वाहन दुर्घटना होती है तो उसमें व्यक्ति घायल या मृत होता है और जब व्यक्ति मृत होता है तो उसके परिवार पर अत्यंत बज्राघाट होता है क्योंकि वही व्यक्ति उस परिवार का मुखिया होता है और जब मुखिया चला जाता है तो घर का चलना बड़ा कठिन रहता है। इसलिए सड़क पर चलते समय पूरे यातायात के नियमों का पालन करें।



कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि प्रायः देखा जाता है कि ग्राम सभा में अनेक बिंदु होते हैं किंतु इस विशेष ग्राम सभा में केवल सड़क सुरक्षा के संबंध में आपसे बात कर रहा हूं और आपकी सहमति एवं संकल्प के साथ आगे बढ़ाने के लिए आपके समक्ष आया हूं। उन्होंने कहा कि आपने धूम फिल्म देखी होगी उसमें बाइकर पूरे यातायात के नियमों का पालन करता है और सभी हेलमेट सहित अन्य सुरक्षा उपकरण धारण किए रहते हैं। उन्होंने कहा कि आप भी हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाएं। उन्होंने कहा कि शाम को 6 से 9 एवं रात में 2 से 5 के बीच गाड़ी चलाने से बचे। कलेक्टर ने कहा कि आपकी दो मिनट की जल्दबाजी आपकी परिवार से आपको दूर कर सकती है आप जल्दबाजी न करे।

कलेक्टर संदीप जी आर ने समस्त सड़क निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण की पूर्व सभी जगह आवश्यक वेरीकेटिंग करें एवं संकेतक लगाएं जिससे कि कहीं भी दुर्घटना न हो। उन्होंने समस्त ग्राम सभा में पहुंचे ग्रामवासियों से अपील की कि कभी भी रात में गाड़ी न चलाएं एवं नशे में भी गाड़ी का उपयोग न करें और निर्धारित क्षमता के अनुसार गाड़ी पर बैठकर गाड़ी का संचालन करें। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार गाड़ी के साइड में न लगाऐं बैग लगाने से अधिक दुर्घटना होती है।

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि शासन की राहवीर योजना का प्रचार प्रसार करें जिससे की दुर्घटना में घायल व्यक्ति का समय पर उपचार हो सके और घायल व्यक्ति को अस्पताल तक पहुंचने वाले व्यक्ति को सम्मान राशि एवं प्रमाण पत्र मिलेगा।



## यातायात सुरक्षा सप्ताह के तहत नगरवासियों को किया गया जागरूक, दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

नगर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से 'यातायात सुरक्षा सप्ताह' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष देवराज सोनी एवं पार्षद साथियों ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

### नियमों के पालन की अपील

नगरपालिका परिषद रहली के अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने नगरवासियों से अपील की कि वे वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि यातायात नियमों का पालन न केवल कानूनी जिम्मेदारी है, बल्कि यह स्वयं और दूसरों के जीवन की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है।

### जागरूकता की शपथ

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में उपस्थित सभी नागरिकों, पार्षदों और नपा कर्मचारियों को यातायात सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से सभी ने संकल्प लिया कि वेः वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करेंगे। निर्धारित गति सीमा का पालन करेंगे। नशे की हालत में वाहन नहीं चलाएंगे। दूसरों को भी नियमों के पालन हेतु प्रेरित करेंगे।

इस दौरान स्थानीय पार्षदों ने भी अपने-अपने वार्डों में यातायात सुचारू रखने और अतिक्रमण न करने की समझाइश दी।




### कलेक्टर ने झंडी दिखाकर रवाना की ऑटो रिक्शा रैली

**सागर।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के प्रथम दिन ऑटो रिक्शा रैली अध्यक्ष पप्पु तिवारी के नेतृत्व में निकाली गई। जिसे खेल परिसर ग्राउंड सागर में कलेक्टर संदीप जी आर ने झंडी दिखाकर रवाना किया। ऑटो रिक्शा रैली खेल परिसर ग्राउंड से प्रारंभ होकर तीन मडिया, तीन बत्ती, कटरा मस्जिद, नमक मंडी, परकोटा, बस स्टैंड होती हुई खेल परिसर ग्राउंड पर समाप्त हुईं। रैली से पूर्व कलेक्टर संदीप जी आर, एसपी विकाश सहवाल, आरटीओ मनोज तेहेनगुरिया ने ऑटो रिक्शा यूनियन अध्यक्ष पप्पु तिवारी के साथ ऑटो रिक्शा चालकों से उनकी समस्याए जानकर दुर्घटना रोकने के सुझाव दिए। कलेक्टर संदीप जी आर ने ऑटो रिक्शा चालकों से शराब पीकर वाहन न चलाने की समझाइश देकर कहा कि शराब पीकर ऑटो रिक्शा चलाने से आपके साथ साथ ऑटो रिक्शा में बैठी सवारी की जान को खतरा है। इस मौके पर यातायात डीएसपी मयंक चौहान. ऑटो रिक्शा यूनियन अध्यक्ष पप्पु तिवारी. राजेश शुक्ला, सुंदर यादव, मोनू खान, सुमन विश्वकर्मा, विनोद शंकर सहित यातायात टीआई., प्रशासन वा पुलिस अधिकारी सहित ऑटो रिक्शा, आपे ई रिक्शा चालक शामिल थे।

## इंदौर जल त्रासदी के विरोध में युवा कांग्रेस ने फूंका मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई 14 मासूमों और नागरिकों की मौत के मामले में मध्यप्रदेश की सियासत गरमा गई है। इस घटना में शासन-प्रशासन की कथित लापरवाही और पत्रकारों के साथ किए गए अभद्र व्यवहार के विरोध में मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश व्यापी आह्वान पर आज रहली के गांधी चौराहा पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय पटेरिया ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार सत्ता के अहंकार में डूबी हुई है। उन्होंने कहा स्वच्छ शहर का तमगा हासिल करने वाले इंदौर के



लोग आज जहरीला पानी पीने को मजबूर हैं। यह सरकार का असली चेहरा है, जहां विकास के दावों के बीच आम जनता की जान सुरक्षित नहीं है।युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित कुर्मी ने इस पूरी घटना को शासन की विफलता बताते हुए विभागीय मंत्री के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने कहा कि जब पत्रकारों ने जनहित में सवाल पूछे, तो उनके साथ गाली-गलौज करना लोकतंत्र का अपमान है। पुतला दहन कार्यक्रम में एड. मनोरथ गर्ग, रत्नेश पटेल, दीपक जैन, अंशुल नायक, प्रकाश गुप्ता, महेंद्र ठाकुर, भोले अहिरवार, साहित्य जैन, अम्बर ददरया प्रशांत कुशवाहा, गुड्डु कुर्मी आदि।

कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने इंदौर जल त्रासदी में जान गंवाने वाले मृतकों की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।




### गरीब असहाय जरूरतमंदों को कंबल किए वितरित

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसाही राहुल रवीन्द्र जैन ऊमरा ने अपने दादा हरिचंद्र जैन एवं ताऊ डाक्टर वीरेंद्र कुमार कि स्मृति में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गरीब असहायजनो एवं दयोदय गौ शाला के कर्मचारियों को कम्बल वितरित किए। इस अवसर पर डॉ बाबूसींग मंडल सदस्य खिलान सींग बाबा, गोपाल सींग लोधी, शंकर सींग लोधी, सुल्टू सींग लोधी, संजय जैन, कपूरचंद जैन, सेठी जैन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### मोटर साइकिल चलाते समय मोबाइल पर बात न करें : भार्गव




**गढाकोटा।** सड़क सुरक्षा हेतु ग्राम चनौवा बुजुर्ग तहसील गढाकोटा में आयोजित विशेष ग्राम सभा को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं रहली विधायक गोपाल भार्गव ने ग्राम वासियों से अपील की कि रोड पर वाहन चलाते समय यातायात के नियमों का अवश्य पालन करें। अपनी ओर परिवार की सुरक्षा के लिए हेलमेट लगाए और रोड क्रॉस करते समय सावधानी रखें। वाहन चलाते समय मोबाइल न चलाएं और शराब पीकर वाहन न चलाएं। ट्रैक्टर ट्रॉली में रेडियम टेप लगाएं। उपस्थित जन समुदाय को इस अवसर पर यातायात नियमों का पालन करने शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश कपस्या, अनुविभागीय अधिकारी रहली, तहसीलदार गढ़ाकोटा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रहली, महाप्रबंधक उचततकं सागर उपस्थित रहे। नगर पालिका गढ़ाकोटा के अंतर्गत बसारी वार्ड में आयोजित विशेष वार्ड सभा में सड़क सुरक्षा विषय पर वार्ड वासियों को जागरूक किया गया। सभा में अनुविभागीय अधिकारी रहली कुलदीप पाराशर, अध्यक्ष नगर पालिका गढ़ाकोटा के प्रतिनिधि मनोज तिवारी, तहसीलदार महेश दुबे मुख्य नगर पालिका अधिकारी धनंजय गुमास्ता, वार्ड पार्षद और नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने यातायात नियमों का पालन करने शपथ ली।

### भूपेंद्र भैया क्रिकेट कप का शुभारंभ, बरौदिया कलां में पहले राउंड में 90 टीमें मैदान में

**बरौदिया कलां।** शुक्रवार को नगर के स्टेडियम में भूपेंद्र भैया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ अभिराज सिंह ने फीता काटकर किया। जिसमें विधानसभा स्तरीय खुरई, मालथौन, बांदरी, बरोदिया कलां सहित पांच खेल मैदान में विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ी इस प्रतियोगी टूर्नामेंट में शामिल होकर अपनी प्रतिभा दिखाने को तैयार हैं। बड़ौदिया कलां के तालकटोरा स्टेडियम में क्रिकेट मैच का रंगारंग शुभारंभ युवा भाजपा नेता अभिराज सिंह नें फीता काट कर युवाओं खिलाड़ियों का परिचय लेकर किया। उन्होंने सभी से खेल भावनाओं के साथ प्रदर्शन करने की अपील की। जीत और हार खेल का हिस्सा होता है। जो अच्छा प्रदर्शन करेगा वह जीतेगा, जिससे प्रेरणा लेनी चाहिए। गौरतलब है कि विधानसभा मुख्यालय में विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन बारहवीं भी बार किया जा रहा है। जिस के मुख्य आयोजक विधायक भूपेन्द्र सिंह, अभिराज सिंह हैं।



### नववर्ष पर नए भवन में पहुंचा विमला देवी पब्लिक स्कूल

**रहली।** नगर का प्रतिष्ठित विमला देवी पब्लिक स्कूल साल के पहले दिन से पटना ककरी स्थित निजी भवन में संचालित हो रहा हे। गुरुवार को स्कूल भवन के उद्घाटन के अवसर पर पहुंचे विधायक गोपाल भार्गव ने कहा कि सभी विद्यालय बच्चों को वेद शास्त्र की शिक्षा दे संस्कार दे की अपने माता पिता को सेवा जरूर करे। ऐसी शिक्षा देने से पुण्य प्राप्त होता हे। हमें अपनी सनातन संस्कृति के अनुकूल बच्चों को बनाना हे। विधायक भार्गव ने गढ़ाकोटा के संदीपनी स्कूल के कार्यक्रम की चर्चा करते हुए बताया कि करीब एक हजार बच्चों में सिर्फ एक बच्चा बता पाया कि संदीपनी भगवान कृष्ण के गुरु हे, अब बताए क्या करेंगे ऐसी शिक्षा का जिसमें बच्चों को अपने स्कूल के बारे में ही जानकारी नहीं हे।इसलिए आवश्यक हे बच्चों को सनातन परंपरा से जरूर जोड़े। विशिष्ट अतिथि विधायक ब्रजबिहारी पटेरिया ने कहा कि इंग्लिश मीडियम शिक्षा जरूरी हे लेकिन ध्यान रहे हमारी सनातनी परंपरा के गुरुकुल की परंपराएं भी बनी रहे।बच्चों को हमारी सनातन की संस्कृति और इतिहास से जोड़े रखे। एडवोकेट राजेंद्र जारोलिया ने विद्यालय परिवार को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विजय हजारी, अवधेश हजारी, ब्रजेश हजारी, सौरभ हजारी, अनुश्री जैन, स्कूल संचालक हेमंत शालिनी हजारी, अनिल पांडे, रजनीश तिवारी,समस्त हजारी परिवार सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन अंकेश, कुशाग्र हजारी ने किया।

---

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को लेकर बैठक लेकर निरीक्षण किया, दिए निर्देश

# सीएंडडी वेस्ट सड़क पर डालने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर तत्काल उठवाने की कार्रवाई करें: निगमायुक्त राजकुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की वार्ड स्तर पर की जा रही तैयारियों की समीक्षा हेतु जोन क्रमांक-1 में जोन प्रभारी, सफाई दरोगा, सीवर प्रोजेक्ट, टाटा एवं एम.पी.यू.डी.सी. के निगम इंजीनियरों के साथ बैठक ली तथा क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि जोन क्षेत्र अंतर्गत जहां भी ब्लैक स्पॉट, यलो स्पॉट एवं रेड स्पॉट चिन्हित हैं, उन्हें तत्काल पूर्णतः समाप्त कर संबंधित स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी वार्डों की मुख्य सड़कों के साथ-साथ आंतरिक गलियों में भी नियमित एवं गहन सफाई सुनिश्चित की जाए, जिससे कहीं भी गंदगी दिखाई न दे। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने सीवर प्रोजेक्ट एवं टाटा कंपनी द्वारा विभिन्न स्थानों पर सड़कें खोदकर किए गए कार्यों की



जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि सभी खोदी गई सड़कों का रेस्टोरेशन कार्य शत-प्रतिशत गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण किया जाए, जिससे नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने यह भी कहा कि जहां पाईप लाईनों से जल सप्लाई के दौरान पानी के रिसाव से गंदगी फैल रही है, वहां तत्काल ऐसे नल कनेक्शन एवं पाईप लाईनों की मरम्मत की जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण कर स्वच्छता संबंधी सभी कमियों को तुरंत दूर करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने कहा कि जिन स्थानों पर सी एंड डी वेस्ट (तोड़े गए भवनों का मलवा) पाया जाता है संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करें तथा उसे तत्काल उठवाने की व्यवस्था की जाए ।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग प्राप्त करने के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समन्वय के साथ कार्य करें तथा प्रत्येक वार्ड को स्वच्छ, सुंदर एवं आदर्श वार्ड के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के सभी घटकों के अनुसार ही तैयारी की जाए तथा नागरिकों को जागरूक कर उनकी सहभागिता सुनिश्चित करें। बैठक में सहायक यंत्री संजय तिवारी, जोन प्रभारी शशांक रावत, उपयंत्री राहुल रैकवार, एमपी यू डी सी के आकाश अग्रवाल एवं सीवर के अधिकारी उपस्थित थे।

### विश्वविद्यालयः नव वर्ष मिलन समारोह में कुलपति ने किया कैलेंडर का विमोचन

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर परिवार का नव वर्ष मिलन समारोह विश्वविद्यालय के गौर प्रांगण में आयोजित किया गया। इस अवसर कुलपति प्रो. वाय एस ठाकुर ने उपस्थित सभी शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्रों को नव वर्ष की शुभकामनायें देते हुए कहा कि प्रत्येक नए वर्ष में कुछ नया करने का संकल्प लें। उस संकल्प के साथ अपने जीवन और अपने कार्यक्षेत्र में सदैव बेहतर करने का प्रयास करें। यही बेहतर करने का प्रयास ही हमारे समाज को सुंदर बनाएगा। हम सभी विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य मिल-जुल कर डॉ. गौर की भावनाओं और सपनों के अनुरूप अपनी ऊर्जा विश्वविद्यालय को बेहतर बनाने में लगायें और विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों पर ले जाएँ। कुलसचिव डॉ. सत्य प्रकाश उपाध्याय ने भी सभी को नए वर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वर्ष 2026 के विश्वविद्यालय के वाल कैलेंडर, टेबल कैलेंडर एवं टेबल लीफ कैलेंडर का विमोचन कुलपति महोदय द्वारा किया गया। कैलेंडर समिति के समन्वयक प्रो. यू. के. पाटिल, आकाश मालवीय, आंजनेय शुक्ल, डॉ. संजय शर्मा उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### गाली-गलौज, मारपीट कर धमकाने का आरोप लगाया

**ललितपुर।** थाना नाराहट अंतर्गत ग्राम गौना निवासी अखिलेश पत्नी मंगल सिंह कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि 30 दिसम्बर की शाम 7 बजे गांव के सोबरन पुत्र तुलई, मोनू पुत्र मोती, हरीकिशन पुत्र ग्याप्रसाद, बृजभान पुत्र रतिराम कुशवाहा उसके घर आये और गाली-गलौज करने लगे और गालियां देने से मना करने पर मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी और पूरी रात गालियां देते रहे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पठापुरा में पड़ोसियों ने एकराय होकर दंपती को पीटा

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला पठापुरा में रहने वाली जसोदा पत्नी भागचंद्र ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 28 दिसम्बर को वह अपने पति के साथ घर पर थी। तभी मोहल्ले में रहने वाले अभिषेक पुत्र तुलसी, अम्मू व आशीष पुत्रगण शोभा, गिन्द्र पुत्र तुलसी ने घर के सामने आकर पति को गालियां दीं। विरोध करने पर पति के साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे भी लात मारी और पति को घायल को घायल कर दिया। परिजनों के आने पर उक्त लोग भाग गये। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### जमीनी विवाद को लेकर धमकाने का आरोप लगाया

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम तेरई फाटक निवासी कोमल पुत्र खेतसिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी जमीन पुलिस चौकी के सामने हाई-वे पर स्थित है। उक्त जमीन को खरीदने के लिए झांसी निवासी अंसू छाबड़ा पुत्र रामजीत छाबड़ा से हुयी थी। जिसका विवाद को लेकर बलवीर यादव व कुछ लोग उसके घर आये और जमीनी मामले में राजीनामा करने की धमकी देते हुये अन्यथा की स्थिति में झूठा फंसाने और साथ में रहने वाले राजकुमार के हाथ-पांव तुड़वाने की धमकी दी गयी। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोग दबंग किस्म के हैं और उसे जानमाल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### दीवार तोड़ी, दुर्घटनाओं से अब मिला छुटकारा

**गुलाबगंज।** गुलाबगंज अंडरब्रिज की दीवार तोड़ने रेल विभाग को ज्ञापन दिया गया था। पिछले 30 दिन में यहां 5 दुर्घटनाएं हुई , क्योंकि 90 डिग्री मोड़ पर वाहन दीवार से टकरा रहे थे। रेल विभाग ने शीघ्र कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर दीवार तोड़वा दी। इससे दुर्घटनाओं में भारी कमी आई है। धार्मिक नगरी गुलाबगंज के लोगों ने रेल विभाग की तत्परता और बेहतर कार्रवाई के लिए आभार जताया है।

### गरीब परिवारों ने की पट्टे की मांग, सौंपा आवेदन

**विदिशा।** वार्ड क्रमांक 39 के टीलाखेड़ी क्षेत्र में किराए के मकानों में रह रहे गरीब मजदूर परिवारों ने आवासीय पट्टे की मांग को लेकर कलेक्टर को आवेदन सौंपा। परिवारों ने बताया कि वे वर्षों से किराए के कमरों में रहकर जीवनयापन कर रहे हैं, लेकिन आर्थिक कमजोरी के कारण मकान या प्लॉट खरीदना उनके लिए संभव नहीं है। उन्होंने टीलाखेड़ी की शासकीय भूमि पर आवासीय पट्टा स्वीकृत करने की मांग की, ताकि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेकर स्थायी आवास का निर्माण कर सकें। परिवारों ने प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

### हिंदू सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक में की गई चर्चा

**कागपुर।** हिंदू सम्मेलन को लेकर हिनोतिया मंडल की बैठक कागपुर में हुई। जिसमे मंडल के विभिन्न गांवों से उपस्थित प्रमुख व्यक्तियों द्वारा तय किया गया कि 11 जनवरी को ग्राम कागपुर में समस्त हिन्दू समाज के सहयोग से हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसका भूमिपूजन 3 जनवरी को दोपहर 2 बजे होगा।

# नववर्ष पर एसपी ने शहर में पैदल गश्त कर देखी सुरक्षा व्यवस्था



## होटल, ढाबा, रेस्टोंरेट आदि प्रमुख स्थानों पर चेकिंग की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नववर्ष पर पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने शहर क्षेत्र में पुलिस बल के साथ भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर होटल, ढाबा, रेस्टोंरेट आदि प्रमुख स्थानों पर चेकिंग की गई। उन्होंने रेलवे स्टेशन ललितपुर व भीड़ भाड़ वाले आदि स्थानों पर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत संदिग्ध व्यक्ति, वस्तुओं, वाहनों की चेकिंग की।

पैदल गश्त के दौरान आमजनमानस, व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उन्हें नववर्ष को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का संदेश दिया गया। रेलवे स्टेशन, ललितपुर पर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत संदिग्ध व्यक्ति/वस्तुओं की चेकिंग की गयी तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस फोर्स को संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, सीओ सिटी अजय कुमार के अलावा शहर कोतवाल अनुराग अवस्थी के अलावा अन्य पुलिस बल मौजूद रहा।

## भगवान बाहुबलि का महामस्तिकाभिषेक नया मंदिर में संपन्न

# पुण्यार्जक परिवारों द्वारा पाठशाला के लिए मंगलकलश स्थापित किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नए वर्ष पर जैन धर्मालुओं ने पार्श्वनाथ नयामंदिर में प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ, भरत बाहुबलि भगवान का महामस्तिकाभिषेक श्रद्धा और भक्ति के साथ किया।

पूर्व संध्या में श्री भक्ताम्मर पाठ मध्यरात्रि तक हुआ जिसके समापन पर महाआरती कर भक्तों ने नए वर्ष को धर्ममय माहौल में मनाया। पुण्यार्जक परिवारों द्वारा पाठशाला के लिए मंगलकलश स्थापित किए गए। प्रातःकाल त्रिमूर्ति वेदिका पर तीर्थंकर आदिनाथ भरत बाहुबलि भगवान का श्रद्धालुओं ने प्रभु का अभिषेक सौधर्म इन्द्र सुरेन्द्र कुमार सुशोभित सराफ, अंकित जैन मेडिकल, देवेन्द्र जैन अंकित जैन रजपुरा, अक्षय कुमार अजय अलया परिवार तथा मूलनायक पार्श्वनाथ का अभिषेक सौनल पर्व जैन, रवीन्द्रकुमार गौरव टडैया मनोज जैन मयंक जैन द्वारा किया। शान्तिधारा का पुण्यार्जन मनोज जैन अविरल जैन पंसारी, धमेन्द्र कुमार संजीव जैन, नवीन कुमार आशीष टडया सुरेन्द्र जैन मणि जैन परिवार द्वारा किया गया। मूलनायक वेदिका पर ध्वजारोहण मनोज कुमार विनय जैन जडीबूटी परिवार एवं अरविन्द्र कुमार अमित चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक जिनेन्द्र जैन रजपुरा एवं प्रदीप जैन संगीतकार ने संयुक्त रूप से करते हुए नए मंदिर में मुनिपुंगव सुधासागर महाराज के आशीर्वाद से विराजमान भगवान वाहुवलि अतिशय कारी प्रतिमा की महिमा बताई। रात्रिकालीन पाठशालाओं के मंगल कलश का पुण्यार्जन अशोक जैन सिमरैया, चंदादेवी विकास जैन खजुरिया, देवेन्द्रकुमार पारस सराफ परिवार ने किया। नए मंदिर की वेदिकाओं के महायज्ञनायक यज्ञनायक का चयन किया गया जिन्हें जैन पंचायत के अध्यक्ष डा० अक्षय टडैया, महामंत्री आकाश जैन,संयोजक सनत जैन खजुरिया, मंदिर प्रबंधक जिनेन्द्र जैन रजपुरा, मनीष जैन द्वारा प्रतीक चिन्ह के साथ सम्मानित किया। नएवर्ष पर नगर के अभिनंदनोदय तीर्थ क्षेत्रपाल मंदिर जैन अटामंदिर, पार्श्वनाथ समोवशरण जैन मंदिर नईवस्ती, शान्तिनाथ मंदिर गांधीनगर, पार्श्वनाथ जैन मंदिर कालौनी, इलाइट जैन मंदिर, आदिनाथ मंदिर सिविल लाइन, चन्द्रप्रभु जैन मंदिर डोढाघाट, जैन मंदिर वाहुवलिनगर, मुनिसुव्रतनाथ जैन मंदिर ज्ञानोदय में आयोजन हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पुर्याजन किया और नए वर्ष पर भक्ति की धूम रही।

नगर के निकटवर्ती सतोदय तीर्थ सेरोन में नए वर्ष की पूर्व संध्या पर भक्ताम्मर पाठ का आयोजन हुआ इसके उपरान्त नूतन वर्ष की भोर वेला में मूलनायक वेदिका पर ध्वजारोहण अनिल कुमार अरूण कुमार अजय जैन आनंद जैन साइकिल परिवार द्वारा किया गया।

प्रभु अभिषेक शान्तिधारा का पुर्याजन जितेन्द्र जैन बछ रावनी, जयकुमार जैन महोली, दिलीप सराफ, आनद जैन विजय जैन सतीश जैन वंटी, अशोक जैन मोहनी परिवार को मिला। पुर्थ्यांजक परिवारों ने चौबीसी में विराजमान प्रतिमाओं का अभिषेक कर नए वर्ष को मनाया। व्यवस्थाओं का संयोजन अध्यक्ष सतीश जैन बजाज, महामंत्री मनोज जैन बबीना, विजय जैन लागौन द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त तीर्थोदय तीर्थ गोलकोट,देवोदय तीर्थ देवगढ़, शान्तोदय तीर्थ जहाजपुर एवं अतिशय क्षेत्र बालावेहट में भी श्रद्धालुओं ने नए वर्ष पर पूजनअभिषेक कर धर्मलाभ लिया।

## नगर कीर्तन निकाली गई प्रकाश पर्व पर शोभायात्रा निकाली जलपान से स्वागत किया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सिख धर्म के 10वें गुरु गोबिंद सिंह महाराज के पावन, प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित नगर कीर्तन शोभायात्रा श्रीगुरुसिंह एचबी सभा द्वारा निकाली गई, जिसका पंचरत्न विश्वकर्मा समाज द्वारा फूलमाला, फल और जलपान से सभी का स्वागत किया गया। स्वागतकर्ताओं में पंचरत्न विश्वकर्मा समाज के जिलाध्यक्ष विजय ड्योढिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप ताम्रकार, कोषाध्यक्ष मनोज झा, ब्लॉक अध्यक्ष रामनरेश झा, आवेश झा तालबेहट, उपाध्यक्ष कमल विश्वकर्मा, महामंत्री जगदीश झा, उपाध्यक्ष संतोष सोनी, संरक्षक मंडल से रूपनारायण विश्वकर्मा एड., प्रीतम बाबूजी, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा घुटारी, एड.सत्येंद्र विश्वकर्मा, विनय ताम्रकार, देवेंद्र विश्वकर्मा, रवि त्रिमूर्ति, अनुज सोनी, सोहनलाल विश्व, संगठन मंत्री राजेश झा, एड.आकाश झा, गगन जैन, हरचरण प्रजापति बाबा, सतीश झा आदि समाजबंधु उपस्थित रहे।

## गिरवी गहने वापस न करने का आरोप

# ज्वेलर्स संचालक व उसकी पत्नी पुत्री पर की गई एफआईआर दर्ज

### पीड़ित ने दो बार किया जान देने का प्रयास, अब पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पांच लाख रुपये कीमत का सोना गिरवी रखकर नीयत खराब होने और उधार लिये गये रुपये ब्याज सहित वापस लौटाने के बावजूद भी सोने के आभूषण वापस न देने का आरोप लगाते हुये युवक ने सराफा व्यापारी, उसकी पत्नी व पुत्री पर एफआईआर दर्ज करायी है। मोहल्ला नझाई बाजार में रहने वाले संस्कार तिवारी पुत्र दीपक कुमार तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कटरा बाजार स्थित पोस्ट ऑफिस के पास महादेव ज्वैलर्स बुढ़वार वालों के नाम से अनिल सोनी पुत्र महादेव प्रसाद, रानी सोनी पत्नी अनिल व मान्या सोनी पुत्री अनिल दुकान खोले हुये हैं।

पीड़िता ने बताया कि उसने सोने से बने आभूषण में हार, मंगलसूत्र व कान की बाली जिनकी कीमत करीब 5 लाख रुपये थी को अनिल सोनी की दुकान पर 1.30 लाख रुपये में 11 अगस्त 2024 को गिरवी रखा था। पीड़ित के अनुसार उसने अनिल सोनी को 1.30 लाख रुपये सम्पूर्ण ब्याज चुकाने के बाद अपने सोने के आभूषण मांगे तो अनिल सोनी ने कई दिनों तक उसे गुमराह किया। जब उसने गंभीरता से अपने सोने की मांग की तो मान्या सोनी व रानी सोनी ने एसिड (तेजाब) फेंकने और फर्जी मुकद्दमें में फंसाने की धमकी देते हुये अज्ञात लोगों से एस.सी.एस.टी. और पॉक्सो एक्ट लगवाते हुये जिन्दगी बर्बाद करने की धमकी दी, जिससे वह मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित हुआ। पीड़ित ने बताया कि आभूषण नहीं मिलने से क्षुब्ध होकर उसने 11 अगस्त 2025 को रात करीब 8 बजे जहरीली दवा खा ली, जिससे उसकी हालत बिगडऩे पर परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। पिता ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। 12 अक्टूबर को उसे अस्पताल से छुट्टी मिली। जिसके बाद वह घर पहुंचा तो सुबह करीब 10.30 बजे रानी सोनी का फोन आया और उसने परिजनों सहित उसकी जिन्दगी बर्बाद करने की धमकी दी। इससे वह घबड़ा गया और उसने अपने बांये हाथ की नसों को काट लिया, जिससे अधिक खून बहने के कारण वह बेहोश हो गया और किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे देखकर पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस ने वहां आकर उसे अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में उपचार के दौरान उसे 32 टांके आये, जिससे वह मरते-मरते बचा। जिसके बाद उसने लेन-देन के सारे सबूत व जानकारी 17 अक्टूबर को पुलिस के समक्ष रखे, जिस पर 26 अक्टूबर को पुलिस ने आश्वासन दिया कि वह मामले को गंभीरता से लेकर उसके आभूषण अनिल से वापस दिलायेंगे। 26 अक्टूबर के बाद से अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी। पिता द्वारा कई बार प्रयास करने पर भी कार्यवाही नहीं की गयी। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोग काफी प्रभावशाली व्यक्ति हैं, जिससे उसे परिवार सहित जानमाल का खतरा बना हुआ है। कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## अहिरवार महापंचयात तालबेहट इकाई गठित, हरीराम बने ब्लॉक अध्यक्ष

# समाज को राजनीतिक सक्षम बनाना संकल्पः अहिरवार



**तालबेहट।** अहिरवार महापंचयात के जिला सम्मेलन में जिलाध्यक्ष तुलसीराम अहिरवार की उपस्थिति में तालबेहट ब्लॉक समिति की बैठक स्थानीय अम्बेडकर पार्क में आयोजित की गई, जिसमें स्थानीय ब्लॉक इकाई का विस्तार किया गया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष तुलसीराम अहिरवार ने कहा कि समाज में फैली कुरितियों को खत्म करने और राजनीतिक रूप से बनाने के संकल्प के साथ महापंचायत की ब्लॉक और न्याय पंचायत स्तर पर कमेटियों का गठन किया जा रहा है। ये कमेटियां समाज को संगठित और अनुशासित रखने का जिम्मा उठायेंगी। किसी भी प्रकार के विवादों के निस्तारण के लिए समाज के लोग इन्हीं कमेटियों के समक्ष जाकर आपसी सुलह से विवादों से का निपटान करेंगे और कोशिश रहेगी कि छोटे छोटे विवादों के लिए पुलिस/न्यायालय ना जाना पड़े। आगे चलकर शराबबंदी पर भी बढ़ा अभियान शुरू किया जायेगा और नौजवान पीढ़ी को नशे की ओर जाने से रोका जायेगा। बैठक के अंत में सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों का फूलमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष तुलसीराम अहिरवार, जिला संगठन मंत्री कमलेश चौधरी, हरीसिंह, रामकिशन बाबूजी, ओमप्रकाश अहिरवार, मातादीन, रविन्द्र कुमार, आजाद सिंह, राहुल अहिरवार, राजेश अहिरवार, मुन्नु नेता, आशाराम, जालिम, देशराज, मोतीराम, कमलेश, जाहर, कोमल, खुशीलाल, राकेश मास्टर, रामचरन, बिरजेन्द्र, रख्खू, अनूप अहिरवार, अर्जुन फौजी, इमरत, कोमल, गोपाल, गोटेलाल, छंदी, छुट्टन, नरेश, जसरत, प्रकाश, प्रभू, बाबूलाल, बैजू, शंकर, मौजूद रहे।

# कड़ाके की ठंड की वजह से 15 तक बंद रहेंगे आंगनबाड़ी केंद्र

**ललितपुर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी ने अवगत कराया है कि उ.प्र.बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित विद्यालयों/मान्यता प्राप्त बेसिक विद्यालयों में 15 जनवरी 2026 तक शीलकालीन अवकाश निर्धारित है। जनपद के अधिकांश आंगनबाड़ी केन्द्र प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों के परिसर में संचालित हैं तथा आंगनबाड़ी केन्द्र पर आने वाले बच्चे 03 से 06 वर्ष आयु वर्ग के हैं।

आंगनबाड़ी संघ द्वारा दिये गये ज्ञापनों एवं तत्क्रम में जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशके अनुपालन में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले 3 से 6 वर्ष आयु के बच्चों को शीतलहर व कड़ाके की ठण्ड से बचाव हेतु जनपद के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 15 जनवरी 2026 तक अवकाश घोषित किया जाता है। इस अवधि में 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चों की उपस्थिति आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नहीं होगी, परन्तु समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपने केन्द्रों पर उपस्थित रहते हुए पोषण ट्रेकर एप पर नियमित रूप से कार्य करेंगी तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं के द्वारा लाभार्थियों का पोषण ट्रेकर एप पर रजिस्ट्रेशन, ड्राई राशन वितरण, वजन तथा गृह भ्रमण सहित समुदाय आधारित गतिविधियों एवं अन्य शासकीय कार्यो का निष्पादन पूर्व की भांति किया जायेगा।यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी होगा।

# दस्टोन समारोह में गाने के लिए गए युवक पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरौदाडांग निवासी उमेश प्रजापति पुत्र देशराज ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह गांव में गाने का काम करता है। आरोप है कि 22 दिसम्बर 2025 को अपराह्न 1 बजे उसके मोबाइल पर फोन आया और शाम करीब 8 बजे दस्टोन कार्यक्रम के लिए उसे बुलाया, जिसका 1500 रुपये तय हुआ।

जब वह बार पहुंचा तो उन्होंने चन्दन वन के पास आने को कहा, जब वह चन्दन वन पुलिया के पास पहुंचा तो अपने साथी आशीष झां पुत्र प्रकाश झां के साथ पहुंचा तो वहां मौजूद मोबाइल नम्बर धारक व 2-3 अज्ञात व्यक्ति मिले, जिन्होंने गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोगों ने उसकी मोटर साइकिल व मोबाइल फोन, तबला तोडक़र फेंक दिया, उसने पास में काम कर रहे किसान को सूचना दी, जो कि आये और उन्होंने डायल 112 को फोन पर सूचना दी। वह घायल होने के बाद बालाबेहट के प्राईवेट अस्पताल में उपचार कराता रहा। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# अतिरिक्त दहेज की मांग कर मारपीट का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गांधीनगर निवासी सरिता श्रीवास ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी शादी चन्द्रभान से हुयी थी, जिसके बाद उसे पांच वर्ष की पुत्री है और वह अपने पति से अलग सास रामदेवी पत्नी सुखलाल के सूरीकलां पोस्ट उदयपुरा में रहती है। बताया कि 30 दिसम्बर 2025 को दिन में उसकी सास उसके पास आयी और उसके पति को देवरानी, देवर भूपेन्द्र के कहने पर उल्टा-सीधा सिखाकर चली गयी। उसके बाद 31 दिसम्बर को सुबह 10 बजे पति चन्द्रभान ने उसे गालियां दीं और मना करने पर लात-घूसों व बिजली तार से मारपीट कर दी, जिससे वह चोटिल हो गयी। पति ने उससे पिता के यहां से खर्च को रुपये लाने की बात कही और अतिरिक्त दहेज की मांग की गयी। पति के बाहर काम के लिए जाने पर देवर-देवरानी झगड़ा करती हैं। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की नींव रखी थी

# धूमधाम से मनाई बाबू बालेश्वर लाल की जन्म जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की 95 वीं जन्म जयंती जनपद की तहसीलों में धूमधाम से मनाई गई।

इस अवसर पर पत्रकारों ने जय घोष बुलंद किए। जिलाध्यक्ष सम्राट राजा ने बताया कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की नींव बाबू बालेश्वर लाल श्रीवास्तव ने 1980 में रखी थी और 1986 में इसका विधिवत पंजीयन प्रदेश की राजधानी लखनऊ में करवाकर पूरे प्रदेश में इसे विस्तारित किया। ग्रापए उत्तर प्रदेश सरकार से मान्यता प्राप्त प्रदेश का सबसे बड़ा और मजबूत संगठन हैं जो पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए मजबूती से संघर्षरत है। इस दौरान तुलसीराम अहिरवार, रविन्द्र पायक, भरत किंकर, अटल टोंटे, पुनीत सिंह परिहार, राजेन्द्र गोस्वामी, महेन्द्र बुंदेला, अमित गुप्ता, शिवम रजक, जीतू राजा, विपिन रेजा, ब्रजेश साहू, नवीन, नीरज सिंद्दह जितेंद्र सिसौदिया, रामसहाय राजपूत, शेर सिंह, जितेन्द्र सेवरिया, रक्षपाल सिंह, सतीश झा, देवीदास कुशवाहा, बब्बू राजपूत, रामकृष्ण गुप्ता, बिहारी लाल, विजय सेंगर, प्रकाश राय, अभय प्रताप सिंह, जितेंद्र पाल, माखन कुशवाहा, विक्रांत तोमर, जाकिर खान, वीरेंद्र सिंह गौर, माखन कुशवाहा, रामगोपाल पाल, कृष्णकांत मिश्रा, रानू जैन, भूरे सोनी, सोनू सोनी, सोहिब खान, सुरेंद्र रजक करमरा, दीपेश राय, राजवीर जाट, हर्ष चौबे, शिवम तिवारी, केके दुबे, रमन सरदार, कमलेश अहिरवार आदि पत्रकार स्थानीय क्षेत्रों में कार्यक्रमों के दौरान मौजूद रहे।

# बीएलओ ने लगाया धमकाने मारपीट करने का आरोप

**पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी**

**ललितपुर।** थाना जखौरा के ग्राम रायपुर निवासी चैनूराम पुत्र अनन्दीलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बीएलओ है और शाम करीब 6 बजे कार्य करके घर लौट रहा था। प्राथमिक विद्यालय रायपुर के पास गांव के अभिषेक पुत्र लखनलाल, लखनलाल पुत्र गज्जूराम ने उसे गालियां दीं और विरोध करने पर मारपीट करते हुये सिर पर डंडा मार दिया, जिससे वह घायल हो गया। शोरगुल सुनकर अशोक उर्फ चिप्पू पुत्र विन्द्रावन मौके पर आ गया, जिसे देखकर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। पुलिस आरोपी को तलाश कर रही।

# श्री संभवनाथ जिनालय में भक्ति संध्या व प्रातः महामस्तकाभिषेक हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶राघौगढ़

संत सुधा सागर धाम स्थित श्री संभवनाथ जिनालय राघौगढ़ में वर्ष 2025 की विदाई मेला में भक्ति भाव से भगवान की आराधना एवं श्री भक्तांबर जी के 48 काव्य पर समाज जनों द्वारा 48 दीप प्रज्वलित कर रात्री 12:01 पर महा आरती हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जैन समाज राघौगढ़ द्वारा राघौगढ़ नगर में नवनिर्मित श्री संभवनाथ जिनालय संत सुधा सागर धाम में 31 दिसंबर को रात्रि 8:00 बजे से संगीतमय भजन संध्या प्रारंभ हुई। रात्रि 9:30 बजे से श्री भक्तामर जी के एक-एक काव्य पर समाज के एक-एक परिवार के पुरुष एवं महिलाएं हाथ में दीपक लेकर नृत्य करते हुए दीप प्रज्वलित कर रहे थे। बीच-बीच में प्रश्न मंच आयोजित कर आकर्षक पुरस्कार वितरित किए गए। रात्रै 12:01 पर सैकड़ो श्रद्धालुओं एवं महिलाओं की उपस्थिति में महा आरती की गई। महा आरती करने का सौभाग्य श्री शुभोदय जैन तीर्थ बीनागंज के पूर्व अध्यक्ष समाजसेवी डॉक्टर विमल जैन आवन के परिवार को मिला। समाज जनों को रात्री में जैन समाज के श्रेष्ठीजनों के नितिन रावत, अशोक कुमार भरसूला, प्रदीप कुमार जैन ने सौजन्य से स्वल्पाहार एवं केसरिया दूध की व्यवस्था की गई थी। नव वर्ष के आगमन की शुभ बेला में 1 जनवरी 2026 को भगवान संभवनाथ की मनोहरी एवं चमत्कारी 21 फुट उतंग लाल पाषाण से निर्मित प्रतिमा जिसकी प्रतिष्ठा गत जून जुलाई 25 में श्री पंचकल्याणक महोत्सव में तीर्थ उद्धारक निर्यापक श्रवण मुनि सुधा सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में हुई है। इस प्रतिमा का सैकड़ो भक्तों ने भक्ति भाव से महामस्तकाभिषेक किया। अभिषेक का कार्यक्रम लगभग 2 घंटे चला। भजन संध्या में सब दूर संगीत के साथ भजन एवं भक्तांबर प्रस्तुति धर्मेंद्र कुमार जैन सांवलिया एंड पार्टी अशोक नगर निधि कार्यक्रम का संचालन विकास कुमार जैन ने किया। प्रश्न मंच का संचालन योगेंद्र कुमार भारिल्य ने किया जैन समाज राघौगढ़ के अध्यक्ष सिंघई अशोक कुमार भारिल्य नेसभी को धन्यवाद दिया है। भजन संध्या एवं महामस्तकाभिषेक में राघौगढ़ सहित साडा कॉलोनी, एनएफएल विजयपुर, डोंगर आवन के श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लिया।



## शिक्षा विभाग पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण हेतु शिविर का आयोजन

**चाचौड़ा** । मंगलवार आयोजित होने वाली जन-सुनवाई में पेंशनरों की बढ़ती समस्याओं को देखते हुए कलेक्टर गुना, अनुविभागीय अधिकारी महोदय चांचौड़ा एवं जिला शिक्षा अधिकारी गुना के निर्देशानुसार पेंशनरों के लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समस्त पेंशनरों से आग्रह है कि वे अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराएँ। शिविर03 जनवरी शनिवार समयः प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक स्थानः शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बीनागंजशिविर में संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहकर पेंशन से जुड़े सभी लंबित प्रकरणों का स्थल पर निराकरण करेंगे।

### नए साल में चाचौड़ा-बीनागंज को बड़ी सौगात

# 'चंपावती पथ' का आकर्षक लोकार्पण दोनों ओर पौधरोपण से निखरी सुंदरता

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

नए वर्ष की शुरुआत के साथ क्षेत्रवासियों को विकास का बड़ा उपहार मिला है। नगर परिषद् चाचौड़ा–बीनागंज द्वारा विकसित "चंपावती पथ" का लोकार्पण गुरुवार को मुख्य अतिथि चाचौड़ा विधायक प्रियंका पहुंची द्वारा किया गया। यह मार्ग जिला सहकारी बैंक से बिहार हाउस चौराहे तक निर्मित किया गया है, जो अब सुंदर, आकर्षक एवं आधुनिक स्वरूप में लोगों की सुविधा बढ़ाएगा।नए निर्माण के साथ-साथ सड़क के दोनों ओर लगाए गए पौधों ने चंपावती पथ को और भी आकर्षक व पर्यावरण-अनुकूल बना दिया है। यह नया मार्ग नगर के आवागमन को आसान बनाएगा और क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करेगा।कार्यक्रम में मौजूद विधायक प्रियंका पहुंची ने कहा कि— "विकास ही हमारी प्राथमिकता है और जनकल्याण हमारा संकल्प। चंपावती पथ का लोकार्पण इसी संकल्प की दिशा में एक मजबूत कदम है।"कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रद्युमन मीना, जिलामंत्री श्रीकृष्ण (भोला) सोनी, वार्ड पार्षद सुधा राजावत, विधायक प्रतिनिधि प्रद्युमन मीना (कीताखेड़ी), वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेश खंडेलवाल, रणधीर सिंह लोधी, नंदू सेनी, पूर्व महामंत्री सीताराम गुर्जर, ओमवली, सूरज पालीवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।प्रशासनिक अमले में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रवि मालवीय, तहसीलदार मयंक खेमरिया, नगर परिषद् सीएमओ ओम त्र्यंबकेश्वर एवं समस्त स्टाफ कार्यक्रम में मौजूद रहा।प्रदेश सरकार एवं नगर परिषद् द्वारा किए जा रहे निरंतर विकास कार्यों के बीच चंपावती पथ का लोकार्पण क्षेत्र की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है।




## नववर्ष पर बीएमओ का निरीक्षण, महिला चिकित्सक मिली नदारद, फोन कर बुलाया ओपीडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶बीनागंज

नववर्ष के पहले ही दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीनागंज में बीएमओ डॉ. आर.के. पुष्पक ने अचानक पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई विभागों में अनियमितताएं मिलीं। वहीं ओपीडी में इलाज कराने पहुंचे मरीजों की लंबी लाइन दिखी, महिलाओं की संख्या भी काफी अधिक रही।आर. के. पुष्पक बीएमओ बीमागंज इस दौरान महिला चिकित्सक डॉ. निधि भार्गव अपने ओपीडी कक्ष से नदारद मिलीं। महिलाओं की भीड़ को देखते हुए बीएमओ ने मौके से ही फोन लगाकर उन्हें तुरंत ओपीडी में बैठने के निर्देश दिए। ओपीडी का निर्धारित समय सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक है, लेकिन निरीक्षण दोपहर 12 बजे के बाद किया गया, तब भी महिला चिकित्सक अनुपस्थित पाई गईं।सूत्रों के अनुसार निरीक्षण के समय तक 62 मरीज पर्चा बनवाकर इलाज करा चुके थे, जिनमें कई महिलाएं भी शामिल थीं। महिला चिकित्सक की अनुपस्थिति के कारण महिलाओं को मजबूरी में अन्य चिकित्सकों को दिखाना पड़ा।मरीजों और समाजसेवियों द्वारा कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। आज जब बीएमओ ने स्वयं निरीक्षण किया तो स्थिति स्पष्ट रूप से सामने आई। हालांकि किसी प्रकार की कड़ी कार्रवाई किए बिना बीएमओ ने केवल फोन पर उपस्थिति के निर्देश देकर बात समाप्त कर दी। बीएमओ आज नया वर्ष शुरू हुआ है। मैं चाहता हूँ कि मेरे विभाग का पूरा स्टाफ समय पर उपस्थित रहे और मरीजों की सेवा में ईमानदारी से काम करे। आज किए गए निरीक्षण में कई अनियमितताएं मिली हैं। इन्हें सुधारा जाएगा और कल से जो भी स्टाफ समय पर नहीं मिलेगा, उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




## सकल हिंदू समाज के द्वारा भूमि पूजन कलश यात्रा व ध्वज रोपण कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

आगामी 22 जनवरी 2026 को आरोन खंड के मुंहासा मंडल में संपन्न होने जा रहे विराट हिंदू सम्मेलन के निमित्त सकल हिंदू समाज के द्वारा भूमि पूजन कलश यात्रा एवं ध्वज रोपण कार्यक्रम मुंहासा ग्राम के मंशापूर्ण हनुमान मंदिर में संपन्न हुआ जिसमें सैकड़ो की संख्या में मातृ शक्ति एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुना जिला के सेवा प्रमुख श्री डॉ ओमपाल जी परमार एवं आरोन खंड के पर्यावरण प्रमुख श्री धर्मेंद्र जी रघुवंशी उपस्थित रहे दोनों वक्ताओं ने हिंदू सम्मेलन की रूपरेखा एवं इसके उद्देश्य पर विस्तृत चर्चा की एवं बताया कि हिन्दू सम्मेलन के निमंत्रण के रूप में समिति के कार्यकर्ता घर घर जाकर पीले चावल एवं भारत माता के चित्र देंगे श्री ओमपाल परमार जी ने सभी ग्राम वासियों से अधिक से अधिक संख्या में हिंदू सम्मेलन में आने एवं इसे सफल बनाने का आवाहन किया।

## दीतलवाड़ा स्पोर्ट फेस्टिवल में क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

दीतलवाडा स्पोर्ट फेस्टिवल 18 दिसंबर गुरुवार से क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आगाज जिसमें क्षेत्रों से लगभग 64 टीम में टूर्नामेंट में भाग लेंगी ,इसमें प्रथम पुरस्कार 100000, द्वितीय पुरस्कार 51 000 हजार,तृतीय पुरस्कार 31000हजार , चतुर्थ पुरस्कार 21000 रुपए रखा गया है एवं प्रत्येक मैच के लिए मैन ऑफ द मैच के लिए भी अलग से पुरस्कार दिया जाएगा। यह टूर्नामेंट विगत 7 वर्षों से निरंतर दीतलवाडा स्पोर्ट समिति के द्वारा किया जाता है यह आयोजन स्वर्गीय मिश्रीलाल मीणा की स्मृति में उनके परिवार के सदस्यों के द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है इसमें शिवनारायण मीना, कैलाश नारायण मीना, चंद्रशेखर मीना ,चंद्र मोहन मीना एवं टूर्नामेंट के व्यवस्थापक अर्जुन मीणा का भी विशेष सहयोग रहता है




दीतलवाड़ा स्पोर्ट्स फेस्टिवल सीजन -7 क्रिकेट टूर्नामेंट राउंड -2 के आज तीन मुकाबले खेले गए पहला मैच MBBS और एक्टिव मोबाइल चाचौड़ा के बीच खेला जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए MBBS ने 59 रन बनाए जिसका पीछा करने उतरी एक्टिव मोबाइल की शुरुआत खराब रही और 21 रन पर 6 विकेट खो दिए थे फरीद ओर फैजल की समझदारी भरी पारी की बदौलत एक्टिव मोबाइल ने मैच को अपने नाम किया राज बिज़ोरी ने 3 विकेट लिए पहले मैच के मैन ऑफ द मैच रहे फैजल जिन्होने ने गेंदबाजी में 3 विकेट लिए दूसरा मैच जेएस बरियाखेड़ा ओर टाइगर हिंद के बीच हुआ जिसमें जेएस बरियाखेड़ा ने उम्मीदों के खिलाफ प्रदर्शन किया ओर पूरी टीम 55 रन पर ढेर हो गई राजा के अलावा किसी भी बल्लेबाज ने दो अंक में नहीं पार कर पाया , आशिफ ने शानदार 3 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट , बल्लू भील 2 चीनू 2 विकेट प्राप्त किए बल्लेवाजी करने उतरी टाइगर हिंद ओपनिंग जोड़ी के जल्दी जाने के बाद शिवम् पंडित श्रीराम ने आसानी से बल्लेवाजी करके लक्ष्य हासिल किए और टीम को जीत का स्वाद चखाया।

मैन ऑफ़ दा मैच आशिफ रहे दिन का तीसरा और आखिरी मुकाबला खेला गया संकोण्या कंजर क्रिकेट क्लब और कन्नू 11 चाचौड़ा के बीच जिसमें संकोण्या कंजर क्रिकेट क्लब टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और कहीं ना कहीं यह फैसला गलत साबित हुआ कन्नू 11 चाचौड़ा ने पूरी टीम को 53 रन के स्कोर पर रोक दिया वही कन्नू 11 ने 8 ओवर में 4 विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल किया जिसमें ईलू बाबा ने 20 शिवम् ने 13 रन का योगदान रहा क्षेत्र रक्षण में विनोद का एक कैच मैच का सर्वश्रेष्ठ कैच रहाइस क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल 14 जनवरी 2026 को रहेगा। यह टूर्नामेंट इस क्षेत्र में एक अनोखी पहचान बन चुका है।

## अस्पताल में जरूरतमंद को बांटे गर्म कपड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶शाढौरा

नव वर्ष को लेकर लोगों में खासा उत्साह रहा, हर किसी ने अपने अपने अंदाज में नव वर्ष का स्वागत किया। नगर के समाजसेवी धर्मवीर रघुवंशी ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर नए साल के प्रथम दिन प्रभात बेला में जन्में बच्चों एवं उनकी माताओं को गर्म कपड़ों की किट देकर नया साल मनाया।

इस मौके पर अस्पताल के स्टाफ के साथ-साथ सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। धर्मवीर रघुवंशी ने बताया कि ज़रूरतमंदों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण एक सामाजिक कार्य है, सर्दी के मौसम में बच्चों,एवं महिलाओं को ठंड से बचाया जा सके; यह अभियान अक्सर वस्त्रदान के ज़रिए चलाया जाता है, जिसमें गर्म कपड़े एकत्र कर जरूरतमंदों तक पहुंचाए जाते, नव वर्ष के आसपास अस्पतालों में जन्मे नवजात बच्चों एवं उनकी माताओ को गर्म कपड़ों का वितरण एक नेक काम है जो ठंड से जूझ रहे लोगों की मदद करता है और समाज में सेवा का भाव बढ़ाता है।



## अनावेदकों को प्रति सप्ताह सोमवार व गुरुवार को संबंधित थाना में देनी होगी हाजिरी

अशोकनगर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट आदित्य सिंह द्वारा जिले में शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु विभिन्न अपराधों में लिप्त तीन अनावेदकों को प्रति सप्ताह सोमवार एवं गुरुवार को संबंधित थाना में हाजिरी देने हेतु आदेश जारी किये है। जारी आदेशानुसार अनावेदक रामराजा उर्फ बकील पुत्र श्यामलाल जाति यादव उम्र 40 निवासी ग्राम बघनरी थाना कदवाया जिला अशोकनगर के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 09 प्रकरण दर्ज होने एवं अनावेदक इन्द्रभान पुत्र श्यामलाल यादव उम्र 51 साल निवासी बघनरी थाना कदवाया जिला अशोकनगर के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 12 प्रकरण दर्ज होने तथा अनावेदक कोमेश विमल पुत्र दिलीप सिंह जाटव उम्र 28 साल निवासी कुडीघाट थाना देहात अशोकनगर के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 07 प्रकरण दर्ज होने पर तीन-तीन की कालावधि के लिए अनावेदक को प्रति सप्ताह सोमवार एवं गुरुवार को संबंधित थाना में हाजिरी देनी होगी। यदि अनावेदकों के विरूद्ध चल रहे किसी न्यायालयीन प्रकरण में उसकी उपस्थिति आवश्यक है या उसे विधिवत आहूत किया जावे तो अनावेदक न्यायालय में उपस्थित होने हेतु घर से बाहर जा सकेगा।

## थाना कोतवाली ने नववर्ष कार्यक्रम के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने पर कार्रवाई की

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं चैकी प्रभारियों को दिनांक 31.12.2025 एवं 01.01.2026 की दरम्यानी रात्रि में नववर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये सख्त निगरानी एवं कार्यवाही के निर्देश जारी किए गए थे। जिसके चलते तेज आवाज में डीजे बजाने पर कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही की है।

थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रवि प्रताप सिंह चैहान द्वारा नववर्ष कार्यक्रम के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने पर 06 साउंड सिस्टम एवं 03 एम्प्लीफायर जप्त किये गये है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 31.12.2025 एवं 01.01.2026 की दरम्यानी रात्रि में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा रात्रि कस्बा भ्रमण के दौरान शहर में तेज आवाज में डीजे बजाने वाले दो डीजे संचालक विवेक शाक्य पिता रमेश शाक्य, निवासी पठार मोहल्ला, अशोकनगर एवं राजकुमार, पिता भरोसा केवट, निवासी पठार मोहल्ला, अशोकनगर के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये कोलाहल अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किए गए तथा मौके से 06 साउंड सिस्टम एवं 03 एम्प्लीफायर जप्त किए गए।



## सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्रों ने किया भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेता क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं का 1 जनवरी 2026 को अतिरिक्त क्लास के रूप में अध्ययन भ्रमण कृषि विज्ञान केंद्र पलकटोरी व विकासखंड स्तरीय प्रस्फुटन नर्सरी रांवसर में कराया गया।

इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने बताया अध्ययन भ्रमण के माध्यम से छात्रों की क्षमता वृद्धि करना तथा कृषि संबंधी योजनाओं का जानकारी लेना। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र अशोकनगर के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी भवानी शंकर गुप्ता ,कृषि विज्ञान केंद्र की योजना से संबंध जानकारी दी। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लिए जीवामृत कैसे बनाया जाता है। डॉक्टर हेमंत कुमार त्रिवेदी ने मशरूम खेती, मधुमक्खी पालन तथा विभिन्न अनाजों की वैरायटी, वर्मी कंपोस्ट, मौसम विभाग का पूर्व अनुमान तथा कृषि से संबंधित अन्य जानकारी दी। जन अभियान की विकासखंड स्तरीय प्रस्फुटन नर्सरी रांवसर का कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारीगण, परामर्शदाता व छात्राओं ने भ्रमण किया। 10000 पौधे किस तरह तैयार किये इसके बारे में जानकारी नर्सरी संरक्षण बलबीर सिंह यादव ने दी। भ्रमण में डॉ के.के. यादव, इंदर सिंह मिर्धा मौसम वैज्ञानिक, विकासखंड के समस्त परामर्शदाता रचना गुप्ता, रानी शर्मा, बलवीर यादव, अरुण जैन, गणेशराम अहिरवार सहित 45 छात्र व छात्राएं उपस्थित थे।

### हर रोज शाम को दिया जाता है भरपेट भोजन

# मरीजों के परिजन की सहारा बनी सुखमनी सेवा समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

मानवता की सेवा की बात करना बहुत बड़ी बात है लेकिन सेवा कर पाना कठिन है लेकिन अगर इरादे मजबूत हो और करने की लगन हो, कठिन से कठिन काम गोरी पूरा किया जा सकता है ऐसा ही संकल्प उस समिति के सदस्यों ने लिया है जिसे अपना उद्देश्य सिर्फ मानवता की सेवा करना ही बनाया है और इसी उद्देश्य को लेकर सुखमनी सेवा समिति जिला अस्पताल अशोकनगर में आने वाले मरीज के परिजनों को भोजन करा रही है। यह विचार इस समिति के सदस्यों के पास तब आया जब कईं परिवार जो मरीज को लेकर आए थे वह भोजन की लालसा में भटक रहे थे, इन गरीब तवके के लोगों की मनोदशा को देखकर समिति ने 13 साल पहले संकल्प लिया और यह संकल्प निरंतर जारी है।






### कई गांव से आने वाले लोग भूखे सो जाते थे यहां से प्रेरणा मिली

जिला अस्पताल में पहले यह समाजसेवी चाय का निःशुल्क वितरण करते थे तब देखा कि गांव से आने वाले कईं मरीजों के परिवारजन इतने सक्षम नहीं थे कि वह अपना पेट भर सकें। जरा से पैसे पास में होते थे वह दवा पर खर्च करें या फिर खाना खाने होटल पर जाए, कईं परिजन भूखें ही सो जाते थे। यहीं से विचार सामने आया और दिसम्बर 2012 में इसकी शुरूआत हुई।

### सिख समाज हर वर्ष क्विंटलों से गेहूं प्रदान करता है

इस भोजन शाला के लिए पूरा गेहूं सिख समाज के द्वारा प्रदान किया जाता है इस बार 56 क्विंटल गेहूं दिया गया है। समिति में 35 सदस्य हैं जिनमें कईं सदस्य हर दिन शाम को खाना खिलाने पहुंचते हैं। सभी सदस्यों द्वारा आपस में राशि एकत्रित की जाती है और भोजन देने की यह अनवरत प्रक्रिया चलाई जा रही है। जिनमें विष्णुप्रसाद शर्मा, धमेन्द्र रघुवंशी, श्याम कन्हौआ,पूर्व एसआइ गिल तो होते ही हैं साथ में कुछ लोग समय समय पर आते रहते हैं।

### श्याम कन्हौआ के घर पर 13 वर्षों से पत्नी की देखरेख में बनता है भोजन

प्रतिदिन शाम की अवधि में यहां मरीजों को भोजन कराया जाता है यह भोजन प्रतिदिन बनाकर ताजा लाया जाता है। भोजन बनाने के लिए आदमी लगाए गए हैं। समिति के सदस्य श्याम कन्हौआ के घर पर निरंतर भोजन बन रहा है। उनकी पत्नी की देख रेख में यह खाना बनता है और बनने के बाद इस भोजन को लेकर अस्पताल लाते हैं जहां मरीज को बिठाकर उन्हें सम्मान खाना खिलाया जाता है हर रोज ताजा खाना परोसा जाता है। किसी न किसी विशेष दिन कोई नई चीज बनाई जाती है। मरीज के परिजन खाना कितना भी खाएं इस पर कोई पाबंदी नहीं हैं। मरीजों की सेवा में लगी यह सुखमनी सेवा संस्थान अशोकनगर की पहचान बन गयी है। यह समिति के सदस्य जिला अस्पताल में निश्चित समय पर पहुंचते हैं और मरीजों के परिवार जनों को अपने हाथों से भोजन कराते हैं यह संस्था लगातार काम कर रही है और समर्पित व्यक्तित्व के धनी लोग इस समिति के हिस्सा है।



## पहली जनवरी को क्रिकेट स्पर्धा में तीन मैच खेले गए

अशोकनगर। लगान क्रिकेट क्लब अशोकनगर के द्वारा मैत्री कप सीजन 5 का आयोजन किया जा रहा है। शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज ग्राउंड पर खेले जा रहे जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में 1 जनवरी को तीन मुकाबले खेले गए।

पहला मैच सुकून रघुवंशी 11 और किंग्स ऑफ़ आंवरी सरपंच 11 के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आंवरी 11 ने निर्धारित 10 ओवर में 111 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए सुकून रघुवंशी 11 ने अंतिम गेंद पर 112 रन बनाकर मैच जीत लिया। जिसमें मैन ऑफ द मैच गिर्राज शर्मा रहे जिन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 32 रन बनाए और 3 विकेट लिए। दिन के दूसरे मैच एम के वॉरियर और पंजाब मशीनरी स्टोर के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एम के वॉरियर ने निर्धारित 10 ओवर में 84 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए। पंजाब मशीनरी स्टोर ने 9.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच विजेंदर सिंह रहे। दिन के तीसरे और अंतिम मैच में आर्यन एकेडमी और विजेता 11के बीच हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आर्यन एकेडमी ने निर्धारित 10 ओवर में 118 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए विजेता 11 केवल 87 रन ही बना सकी और 31 रन से मैच हार गई। इस मैच के मैन ऑफ द मैच सूरज रघुवंशी रहे।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत मां-बेटी घायल

**अशोकनगर।** बीती शाम बायपास रोड पर युगल सरकार मंदिर के समीप एक कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी चला रहे मोतीलाल बाल्मीक उम्र 34 साल की मौत हो गई। घटना में मृतक की पत्नी विद्याबाई उम्र 32 साल, बेटी बुलबुल उम्र 5 साल को चोटें आईं हैं। घटना के बारे में बताया गया है कि मोतीलाल बाल्मीक बच्चों के साथ बाजार से अपने घर जा रहे थे इस घटना में कार स्कूटी को 20 फीट तक घसीटते ले गई। घटना में घायल मोतीलाल बाल्मीक को भोपाल रैफर किया गया था। भोपाल पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल अशोकनगर में मृतक का पोस्टमार्टम किया गया। मृतक नगरपालिका में सफाई कर्मचारी था। कार ने स्कूटी में पीछे से टक्कर मारी थी, घटना के बाद कार चालक फरार हो गया।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। चन्देरी पुलिस ने ग्राम विक्रमपुर निवासी भूरा आदिवासी के पास से 7 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार नईसरायं पुलिस ने ग्राम किर्रोदा निवासी गब्बर बाल्मीक से 6 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार नईसरायं पुलिस ने ही ग्राम सीहोर निवासी दौलत सिंह कुशवाह के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### अज्ञात बदमाश बाइक चुराकर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत ग्राम ईन्दोर निवासी अमित यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके घर के बाहर से कोई अज्ञात चोर उसकी बाईक चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है।

### भारतीय किसान संघ की बैठक संपन्न

**पिपरई।** 1 जनवरी 2026 दिन गुरुवार को जिले की पिपरई तहसील में भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक संपन्न हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि सभी अधिकारियों द्वारा सदस्यों को पांच पांच गांव जाकर भारत माता की पूजन आरती करना है और समितियों का गठन करना है। इस मोके पर तहसील के अध्यक्ष उपाध्यक्ष मंत्री मीडिया प्रभारी एवं जिले के मीडिया प्रभारी जिले के जैविक प्रमुख  सदस्यगण और किसान उपस्थित रहे।

### राष्ट्रकवि श्रीकृष्ण सरल की जयंती बड़े ही गरिमामय ढंग से मनाई

# सरल महान साहित्यकारों में से एक थे 16 महाकाव्य सृजन किएः जायसवाल







हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

राष्ट्रकवि श्रीकृष्ण सरल की जयंती बड़े ही गरिमामय ढंग से मनाई गई। बच्चों के द्वारा सुंदर-सुंदर रचनाएं, गजल एवं गीतों की प्रस्तुति दी गई। साथ ही अच्छे कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदीप शर्मा उज्जैन, केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य सुनीता गुप्ता, मोना सुस्तानी राजगढ़,  रश्मि कांत शाह अमेरिका, ओम प्रकाश झा आगरा एवं मुरारी गोस्वामी अध्यक्ष ने भारत माता एवं सरल जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों का सम्मान सीताराम चौरसिया, उदय आचवल, इरफान खान, देवेंद्र तिवारी, गोविंद, हरि शर्मा ने माला शाल एवं स्मृति चिन्ह से देकर सम्मान किया। सीताराम चौरसिया एवं विवेक जायसवाल ने राष्ट्रकवि श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। तृप्ति  पाठक ने इस धारा के लिए इस गगन के लिए, सुभाष पटेरिया, आदित्य सोनी ने ऐसी लागी लगन, तान्या पाठक दुर्गमया चौरसिया ने क्या शेर जवान थे नेता सुभाष जी की प्रस्तुति दी।



वहीं युग चंदेल अनुग्रह मिश्रा हार्दिक रिछारिया ने यह भारत देश हमारा है। अदिति नामदेव, आराध्या नामदेव, मैंकल रिछारिया, रितिका तिवारी देश की स्वाधीनता पर आंच तुम आने ना देना। शोभना पंथी, हिमांशु नामदेव ने उठो जवान देश के वसुंधरा पुकारती। निवेदिता रावत और हार्दिक रावत ने एक बात पूछता हूं बताओ न बाबूजी क्या याद मेरी आती नहीं। अर्जुन गौर और हिमांशु नामदेव ने शानदार गजल सुनाई। रितिका तिवारी ने अमर शहीदों का चरण उनके यश गया करता। दिया नामदेव व रिया नामदेव ने कोई कह दे सांवरिया से गीत प्रस्तुत किया। रुद्राक्ष, रूद्रांक्षी माथुर सरिशा नामदेव, युग चंदेल, तान्या पाठक, तृप्ति पाठक, राजा, अर्जुन सिंह, राजा गौर ने भी शानदार प्रस्तुत दी। क्रांतिकारी कैलेंडर का हुआ विमोचन- कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने मातृभूमि सेवा संस्था का क्रांतिकारी कैलेंडर एवं महाभारत में फिर श्री कृष्ण पत्रिका का विमोचन किया। मोना सुस्तानी ने राष्ट्रकवि श्री कृष्ण सरल को एक महान साहित्यकार और संघर्षशील  क्रांतिकारी कवि बताया। प्रदीप शर्मा ने सरल जी के अनेकों संस्मरण सुनाएं। रश्मि कांत शाह  ने अपनी माटी को याद करते हुए माटी पर कविता सुनाई। विवेक जायसवाल ने बताया सरल जी विश्व के महान साहित्यकारों में से एक थे। 16 महाकाव्य का सृजन कर उन्होंने अनूठा कार्य किया। आज की बाल युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन राम शर्मा ने किया।

#### डॉक्टर रामनाथ सम्मानित

7 दिवसीय सर्वाधिक 304  योग शिविर लगाने वाले डॉक्टर रामनाथ को योग रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अलावा सीपी तिवारी की स्मृति में पर्यावरण सम्मान राकेश सुमन को दिया गया एवं लक्ष्मण प्रसाद गोस्वामी की स्मृति में देशभक्ति सम्मान उमेश शर्मा मधुर को दिया गया। रितिका तिवारी, मैंकल रिछारिया और अर्जुन सिंह कौर को श्री कृष्ण सरल सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र उपाध्याय, संजीव जैन, शिवकुमार, मुकेश राय, उदय आचवल, रोहित तिवारी, छोटा बाबू राय, इरफान खान, गोपी नामदेव, दशरथ लाल पुरोहित आदि उपस्थित रहे।




## शिविर में 18 दानियों ने किया अपना रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

नव वर्ष के अवसर पर रोगी कल्याण समिति के द्वारा सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 18 लोगों ने  रक्तदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष राकेश जैन, रोगी कल्याण समिति अध्यक्ष मनीष सिंघई एवं बीएमओ संजीव अग्रवाल ने किया। स्वास्थ्य सेवा संगठन द्वारा 35 वर्षो से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है और  एनीमिया एवं जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्धता कराई जा रही है। शिविर में महावीर जैन, आशीष हुरकट, शरद सिंघई, संजय जैन आदि ने रक्तदान किया।

### भारत माता की महाआरती से नए साल की शुरुआत



**बीना।** गौ सेवा समिति ने नए साल की शुरुआत भारत माता की महाआरती के साथ की गई है। महाआरती के दौरान लोगों ने देश की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस धार्मिक और देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रम के जरिए समाज में सकारात्मक संदेश देने की कोशिश की गई। रात के समय दीपों की रोशनी और देशभक्ति के गीतों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। गुरुवार को गांधी तिराहा स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी (बीना) और गौ सेवा समिति ने संयुक्त रूप से भारत माता की महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया। नए साल की शुरुआत देशभक्ति के साथ करने के लिए बड़ी संख्या में शहरवासी कार्यक्रम में शामिल हुए। महाआरती के पूर्व गांधी तिराहा को विशेष रूप से सजाया गया। अतिथियों के द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और चारों तरफ दीप मालाएं जलाई गईं। साथ ही गांधी प्रतिमा के सामने जमीन पर आकर्षक रंगोली सजाई गई, जो आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम की तैयारी के बाद मौजूद सभी लोगों ने मिलकर भारत माता की आरती उतारी।

## दिनारा पुलिस ने की 119.640 लीटर शराब बरामद, आरोपी भी गिरफ्तार

**दिनारा।** थाना पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये शिव होटल हाइवे रोड थनरा पर दबिश देकर आरोपी राज यादव के कब्जे से कुल 119.640 लीटर शराब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया और न्यायालय पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा जिले मे शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये अवैध एवं जहरीली शराब के क्रय विक्रय करने वालों व अवैध गतिविधियों मे संलिप्त आरोपियों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही करने एवं जीरो टोलरेंस अपनाने के निर्देश दिये गये हैं।

पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये निर्देशों के पालन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विरूद्द अभियान चलाया जाकर कार्यवाही की जा रही है, दिनांक 01.01.2026 को दिनारा पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए शिव होटल हाइवे रोड थनरा पर दबिश देकर आरोपी राज यादव पुत्र धर्मेन्द्र यादव उम्र 19 साल निवासी खडपुरा थाना करैरा जिला शिवपुरी के कब्जे से 11 पेटी देशी मदिरा प्लेन प्रत्येक पेटी में 180 टछ के 50-50 क्वाटर, 01 पेटी में




अग्रेजी ओल्ट मोंक 3एक्स रम के 48 क्वाटर प्रत्येक क्वाटर 180 टछ अग्रेजी शराब का तथा एक पेटी बोल्ट कंपनी की कैन कुल 24 कैन प्रत्येक कैन में 500 टछ बीयर भरी हुई है कुल 119.640 बल्क लीटर अग्रेजी, वीयर व देशी शराब कुल कीमती 56760 रूपये को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है । आरोपी के विरूद्ध थाना दिनारा पर अपराध क्रमांक 01/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया । उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी दिनारा उनि रविन्द्र सिंह कुशवाह, चौकी प्रभारी थनरा उनि रामानंद पचौरी, प्रआर हिमांशू चतुर्वेदी, आर० शिवम यादव, आर० पवन राठौर, आर० दीपक मांझी की सरहानीय भूमिका रही।

### सरपंच अनीता भरत परिहार की जनसेवी पहल ने जीता ग्रामीणों का दिल

## अमोल पठा में ज्योतिरादित्य का जन्मदिन उत्साह और सेवा भाव के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

ग्राम पंचायत अमोल पठा में श्रीमंत महाराजा ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्मदिन अत्यंत हर्षोल्लास, उत्साह और सामाजिक समर्पण के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर ग्राम पंचायत की सरपंच अनीता भरत परिहार के नेतृत्व में ऐसा आयोजन संपन्न हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र में सकारात्मक संदेश दिया। जन्मदिन समारोह केवल उत्सव तक सीमित न रहकर जनसेवा और सामाजिक सरोकारों का प्रेरणादायी उदाहरण बन गया। कार्यक्रम स्थल को सुंदर और आकर्षक ढंग से सजाया गया। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जिसमें ग्रामीणों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता निभाई। ‍ह्लहैप्पी बर्थडेह्व के संदेशों, सजावट और अनुशासित आयोजन ने कार्यक्रम की भव्यता को और बढ़ा दिया। पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया और हर वर्ग के लोगों ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।



इस आयोजन की सबसे खास और सराहनीय बात यह रही कि सरपंच अनीता भरत परिहार ने श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी के जन्मदिन को जनकल्याण से जोड़ते हुए जरूरतमंद परिवारों की सेवा का संकल्प लिया। ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए गरीब एवं जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल वितरित किए गए। इसके साथ ही खाने-पीने की सामग्री भी प्रदान की गई, जिससे कई परिवारों को सीधी राहत मिली। यह पहल न केवल मानवीय संवेदनाओं को दर्शाती है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का भी सशक्त उदाहरण है। कंबल और सामग्री प्राप्त करने वाले लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था। ग्रामीणों ने सरपंच द्वारा किए गए इस कार्य की खुले दिल से प्रशंसा की और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। लोगों का मानना है कि जब जनप्रतिनिधि इस प्रकार सीधे जनता की जरूरतों को समझकर कार्य करते हैं, तो विश्वास और सम्मान दोनों बढ़ता है।

सरपंच अनीता भरत परिहार ने अपने संबोधन में कहा कि श्रीमंत महाराजा ज्योतिरादित्य सिंधिया जी का जीवन जनसेवा, विकास और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की प्रेरणा देता है। उनके जन्मदिन के अवसर पर जरूरतमंदों की सहायता करना एक सकारात्मक संदेश है, जिससे समाज में सेवा भावना को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम पंचायत आगे भी इसी तरह के सामाजिक और जनहितकारी कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के पंचगण, वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं, युवा एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में इस आयोजन को सराहनीय बताया और सरपंच के प्रयासों की प्रशंसा की। लोगों का कहना था कि इस तरह के आयोजन न केवल उत्सव का आनंद देते हैं, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों को सम्मान और सहारा भी प्रदान करते हैं।समापन अवसर पर सभी ने श्रीमंत महाराजा ज्योतिरादित्य सिंधिया जी के उज्ज्वल भविष्य, अच्छे स्वास्थ्य और निरंतर जनसेवा के लिए शुभकामनाएं दीं। कुल मिलाकर ग्राम पंचायत अमोल पठा में मनाया गया यह जन्मदिन समारोह सेवा, संवेदना और सकारात्मक सोच का सुंदर उदाहरण बनकर सामने आया, जो निश्चित रूप से सभी के दिलों को छूने वाला और प्रेरणादायी रहा।

## एसडीएम ने ड्राइवर के सेवानिवृत्त होने पर खुद संभाली चालक सीट



**करैरा।** करैरा में एसडीएम अनुराग निंगवाल ने अपने वाहन चालक देवी सिंह यादव की रिटायरमेंट को एक यादगार और भावुक पल में तब्दील कर दिया, जो पूरे शहर में चर्चा का विषय बन गया। देवी सिंह यादव ने लगभग 42 वर्षों तक ईमानदारी और समर्पण से एसडीएम के वाहन चलाए। इस दौरान उन्होंने एक दर्जन से अधिक एसडीएम के साथ काम किया और अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाया। हर अधिकारी उनके कार्यकुशलता और विश्वसनीयता से प्रभावित रहा। रिटायरमेंट के दिन एसडीएम ने पहले देवी सिंह को अपने बगल में बिठाया, फिर तहसीलदार कल्पना शर्मा को साथ बैठाकर सभी पटवारियों, कर्मचारियों और अधिकारियों से उन्हें सम्मानित करवाया। लेकिन सबसे दिल छू लेने वाला क्षण तब आया जब एसडीएम ने खुद उसी सरकारी वाहन की ड्राइविंग सीट संभाली, जिसमें देवी सिंह सालों तक सवार होते थे। उन्होंने चालक को आफिसर वाली सीट पर बैठाया, जिससे देवी सिंह भावुक हो उठे। एसडीएम ने खुद वाहन चलाकर उन्हें उनके घर तक पहुंचाया और वहां परिवार के साथ विदाई ली। इस नजारे ने न केवल तहसील परिसर बल्कि पूरे मोहल्ले को भावुक कर दिया। देवी सिंह के परिवार के सदस्यों की आंखें नम हो गईं, जब उन्होंने देखा कि साहब खुद ड्राइवर बनकर उनके घर पहुंचे। यह घटना सरकारी सेवा में पद के अंतर से ऊपर उठकर मानवीय संवेदनाओं का बेहतरीन उदाहरण बनी। शहर के लोग इसे एक अनूठी पहल मानकर सराह रहे हैं, जो बताती है कि सच्ची नेतृत्व क्षमता सम्मान और करुणा से ही जन्म लेती है। एसडीएम अनुराग निंगवाल का यह कदम न केवल देवी सिंह के लिए सम्मान का प्रतीक बना, बल्कि सभी कर्मचारियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी साबित हुआ। ऐसे कार्य ही प्रशासन और जनता के बीच का विश्वास मजबूत करते हैं।

### मानवीय संवेदना का अनुपम उदाहरणः एसडीएम ने खुद चलाई गाड़ी, चालक को घर पहुंचाया

देवी सिंह यादव की 42 वर्षों की लंबी सेवा को एसडीएम अनुराग निंगवाल ने एक ऐसे अंदाज में सम्मानित किया, जो दुर्लभ है। जहां आमतौर पर रिटायरमेंट पर औपचारिक बधाई और उपहार दिए जाते हैं, वहीं यहां अधिकारी ने पद की गरिमा को दरकिनार कर इंसानियत को प्राथमिकता दी। एसडीएम ने पहले तहसील के सभी कर्मचारियों से चालक को सम्मानित करवाया, फिर खुद वाहन की कमान संभाली। उन्होंने देवी सिंह को पीछे की बजाय अगली सीट पर बैठाया, ताकि वह महसूस करें कि आज उनकी बारी है। इस दौरान देवी सिंह की आंखों में खुशी के आंसू थे, जो सालों की मेहनत और विश्वास का प्रमाण बने। घर पहुंचते ही परिवार ने एसडीएम को देखकर भावुक होकर स्वागत किया। पूरे इलाके में यह खबर फैल गई और लोग इसकी तारीफ करते नहीं थक रहे। यह घटना साबित करती है कि सत्ता और पद से बड़ा इंसानी रिश्ता होता है। एसडीएम का यह व्यवहार न केवल एक व्यक्ति को सम्मान देता है, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र के लिए संदेश देता है कि कर्मचारी भी परिवार का हिस्सा हैं। ऐसे छोटे-छोटे कदम बड़े बदलाव लाते हैं और समाज में सकारात्मकता फैलाते हैं। देवी सिंह यादव की सेवा को याद करते हुए लोग कह रहे हैं कि ईमानदारी और मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। एसडीएम अनुराग निंगवाल की इस पहल ने करैरा को एक नई पहचान दी, जहां अधिकारी और कर्मचारी के बीच का रिश्ता सिर्फ काम तक सीमित नहीं, बल्कि भावनाओं से जुड़ा हुआ है।

### मंदिर में साफ सफाई की व गरीबों को कंबल बांटे

**पिपरई।** नगर परिषद में केंद्रीय मंत्री महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम वरिष्ठ कार्यकर्ताओ ने राम जानकी मंदिर हनुमान जी मंदिर पर साफ सफाई की। इसके उपरांत आदिवासी बस्ती इमलिया में बुजुर्ग माता बहनों को कंबल एवं फल वितरण किए। इसमें सांसद प्रतिनिधि लाखन सिंह कटारिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, जन भागीदारी के अध्यक्ष रविंद्र कुमार शुक्ला, कृष्णकुमार आदि मौजूद थे।

### ओरछा में बसंत पंचमी पर 501 बटुकों का होगा यज्ञोपवीत संस्कार

## बेतवा के लिए दिव्य संस्कार मंच करैरा के गांव-गांव कर रहा संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

आचार्य केशब लोग कल्याण समिति एवं श्री राम राजा गुरुकुल संस्कृत विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में वसंत पंचमी के पावन अवसर पर विश्व प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटक नगरी ओरछा में सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया जाएगा। 23 जनवरी को बुंदेलखंड की गंगा कही जाने वाली बेतवा नदी के तट पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारी में समिती के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं और पंजीयन कराया जा रहा है।

करैरा भ्रमण पर आये समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सनातन धर्म की परंपरा के अनुरूप हिंदू संस्कृति एवं संस्कारों के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 5 साल से 18 साल तक की आयु के बच्चों के पंजीयन किए जा रहे हैं।  आचार्य वरुण तिवारी महाराज जी के नेतृत्व में करैरा,



सुनारी, दिहायला, करई, रमगड़ा ,सिरसौद, अमोला सहित कई गांवों के संपर्क अभियान चलाया गया, जो आगे भी जारी रहेगा। आयोजकों के अनुसार 23 जनवरी को ओरछा में बेतवा नदी के तट पर स्थित नवीन कनक भवन लंका दहन हनुमान मंदिर परिसर में 501 बच्चों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम में देश के ख्यातिप्राप्त संतों की उपस्थिति रहेगी। धार्मिक विधि-विधान के साथ होने वाले इस संस्कार में वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन किया जाएगा।

#### हिंदू सनातन धर्म का महत्वपूर्ण संस्कार

समिती के कार्यकर्ता आचार्य वरुण महाराज ने बताया कि यज्ञोपवीत संस्कार हिंदू सनातन धर्म का एक महत्वपूर्ण संस्कार है, जिसके माध्यम से बालक औपचारिक रूप से शिक्षा एवं आध्यात्मिक जीवन में प्रवेश करता है। इस संस्कार में बालक को जनेऊ धारण कराया जाता है। जनेऊ में तीन सूत देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण के प्रतीक माने जाते हैं, जबकि उसमें लगी पांच गांठें पंच ज्ञानेंद्रियों और पंचकर्म का प्रतीक होती हैं। संस्कार के दौरान बालक का पहले मुंडन किया जाता है। इसके बाद गुरु द्वारा उसे ज्ञान की अग्नि में अज्ञान रूपी संविधा को भस्म करने का संकल्प दिलाया जाता है। बालक ब्रह्मचर्य पालन, विद्या अध्ययन और भिक्षावृत्ति से निर्वाह का व्रत लेता है। उसे दंड और मुंज प्रदान की जाती है, जो अनुशासन और संयम का प्रतीक है। वर्ष 2023 में मौनी महाराज आश्रम में 125 बच्चों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया था। इस वर्ष भगवान श्री रामराजा सरकार की नगरी ओरछा में 501 बच्चों का संस्कार कराने का संकल्प लिया गया है। बुंदेलखंड के इस भव्य कार्यक्रम में करैरा अंचल से भी लगभग 1 दर्जन से अधिक बच्चे शामिल हो रहे है समिति द्वारा घर घर जाकर रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है । करैरा में खसियो के बाग वाले मंदिर के पुजारी दीपू भगत जी के द्वारा करैरा अंचल की रूपरेखा बनाई जा रही है  एवं उन्ही के नेतृत्व में बच्चे ओरछा जायेंगे । कार्यक्रम को लेकर करैरा में हर्ष का माहौल है ।